# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (31.01.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:31.01.2025, PAGE-06**

# कार्यशाला : हिन्दी व रूसी साहित्य के बीच अनुवाद की समृद्ध परंपरा

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के रूसी विभाग में चल रही तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन गुरुवार को भी विद्यार्थियों को रूसी संस्कृति और भाषा से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। कार्यशाला में हिंदी विभाग और रूसी विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हिंदी विभाग के प्रो. उज्ज्वल आलोक ने हिंदी-रूसी अनुवाद परंपरा पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि हिंदी और रूसी साहित्य के बीच अनुवाद कार्यों की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने प्रेमचंद और टॉलस्टॉय के अनुवादों का उदाहरण देते हुए समझाया कि कैसे साहित्यिक अनुवाद दोनों देशों की संस्कृतियों को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने रूसी भाषा के छात्रों को यह भी बताया कि उनके लिए यह एक बेहतरीन अवसर है, जिससे वे अनुवाद और साहित्य के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाश सकते हैं। रूसी विभाग के प्रो. दिव्यम प्रकाश ने रूस के सांस्कृतिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए रूसी पेगन परंपरा और भविष्यवाणी की रूसी प्रथा पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसका भारतीय सभ्यता और परंपराओं से भी तुलनात्मक अध्ययन किया, जिससे विद्यार्थियों को दोनों संस्कृतियों के बीच की समानताएं और भिन्नताएं समझने का अवसर मिला। उन्होंने रूसी साहित्य में शोध कार्य करने को प्रेरित किया। डॉ. सुषमा कुमारी ने भारत और रूस के प्रमुख त्योहारों की जानकारी दी। उन्होंने टॉलस्टॉय के प्रसिद्ध उपन्यास अन्ना कारेनिना की कहानी का उल्लेख करते हुए 19वीं सदी के रूसी समाज व संस्कृति को विस्तार से समझाया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:31.01.2025, PAGE-06**

# विवि के हॉस्टल में लगेगा सीसीटीवी

- यूजीसी ने रैगिंग रोकने को दिया सख्ती का निर्देश
- दाखिले से पहले बंटेंगे एंटी रैगिंग ब्रोशर, होगा निरीक्षण

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू समेत सभी विवि की कैंटीन से हॉस्टल तक सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। रैगिंग को रोकने के लिए यूजीसी ने यह निर्देश सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को दिया है।

यूजीसी ने भेजे पत्र में कहा है कि नए सत्र से रैगिंग को रोकने के लिए विवि से लेकर कॉलेज तक सख्ती जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस बारे में निर्देश दिया है। यूजीसी ने सभी विवि को स्नातक दाखिले से पहले एंटी रैगिंग ब्रोशर को बांटने का निर्देश दिया है। यह एंटी रैगिंग ब्रोशर कॉलेज और विवि की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जाएगा। यूजीसी का कहना है कि रैगिंग एक आपराधिक घटना है। इसको रोकने के लिए यूजीसी ने कई नियम पहले भी जारी किए हैं। यूजीसी ने निर्देश दिया है रैगिंग रोकने के लिए विवि स्तर से एक मॉनिटरिंग टीम का गठन किया जाए। यह टीम लगातार हॉस्टल, कैंटीन, लाइब्रेरी और अन्य जगहों पर जाकर औचक छापेमारी करे, ताकि रैगिंग रोकी जा सके।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 31.01.2025, PAGE-04

# बुस्टा के कार्यकारी अध्यक्ष बने प्रो. जयकांत सिंह

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: एलएस कालेज के शिक्षक प्रो. जयकांत सिंह बुस्टा के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। गुरुवार को बीआरएबिहार विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक संघ (बुस्टा) की कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक बुस्टा अध्यक्ष प्रो.अनिल कुमार ओझा की अध्यक्षता व संचालन में आरडीएस कालेज में हुई। बुस्टा की कार्यकारिणी की बैठक में बुटा संरक्षक सह विधान पार्षद प्रो.संजय कुमार सिंह, बुटा महासचिव डा.सुनील कुमार सिंह, सीनेटर प्रो.प्रमोद कुमार व सीनेटर प्रो.संजय कुमार सुमन भी विशेष आमंत्रित के रूप में मौजूद रहे। विधान पार्षद प्रो.संजय कुमार सिंह ने कहा कि संघ सभी शिक्षकों से मिलकर ही बनता है। बुटा महासचिव डा.सुनील कुमार सिंह ने कहा कि संघ कभी सोता नहीं वह हमेशा काम करता रहता है। प्रो.अनिल कुमार ओझा ने बुस्टा की सभी इकाइयों से आए पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों का स्वागत किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 31.01.2025, PAGE-04

# बुस्टा के कार्यकारी अध्यक्ष बने प्रो जयकांत सिंह

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर


शिक्षक संघ के पुनर्गठन के बाद आरडीएस कॉलेज में मौजूद सदस्य.

बीआरएबीयू सेवा शिक्षक संघ (बुस्टा) की कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक आरडीएस कॉलेज में हुई. इसकी अध्यक्षता बुस्टा अध्यक्ष प्रो अनिल कुमार ओझा ने की. इसमें पूर्व की बैठक में रेखांकित किए गए शिक्षकों की विभिन्न लम्बित मांगों एवं समस्याओं और उसके समाधान की दिशा एवं संघ की रणनीति तथा संघ की आगामी एकेडमिक एवं स्टैच्यूटरी कॉन्फ्रेंस आदि पर विचार-विमर्श हुआ. बैठक में बुटा संरक्षक सह विधान पार्षद प्रो संजय सिंह, बुटा महासचिव डॉ सुनीलसिंह, सीनेटर प्रो प्रमोद एवं सीनेटर प्रो संजय सुमन भी विशेष आमंत्रित के रूप में मौजूद रहे. प्राचार्य प्रो.अनिता सिंह ने अतिथियों को महाविद्यालय डायरी और पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया. एमएलसी प्रो.संजय कुमार सिंह ने कहा कि संघ सभी शिक्षकों से मिलकर ही बनता है. यदि सभी शिक्षक प्रलोभन से ऊपर उठकर एकजुट रहें तो बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़ी जा सकती है. प्रो.अनिल कुमार ओझा ने बुस्टा की सभी इकाइयों से आए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया. उन्होंने शिक्षकों से सम्बन्धित नए व आसन्न मुद्दों को रेखांकित करने तथा आगामी एकेडमिक व स्टैच्यूटरी अधिवेशन और अपनी सेवानिवृत्ति के संदर्भ में स्टैच्यूटरी अधिवेशन होने तक कार्यकारी अध्यक्ष नामित करने का आग्रह किया. बैठक में सहवर्ती संघ के प्रतिनिधियों व नवनिर्वाचित सीनेटर साथियों एवं अध्यक्ष व महासचिव सहित बुस्टा उपाध्यक्ष प्रो.जयकान्त सिंह, बुस्टा उपाध्यक्ष प्रो.इकबाल हुसैन, बुस्टा इकाई सचिव डॉ राकेश कुमार सिंह, बुस्टा इकाई सदस्य डॉ सौरभ राज, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग इकाई से प्रो रेणु शुक्ला, प्रो राम कुमार, रामदयालु सिंह महाविद्यालय शिक्षक संघ सचिव डॉ एमएन रजवी, लंगट सिंह महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो संजीव मिश्रा, मुंशी सिंह महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ.एके रंजन व सचिव डॉ मयंक कपिला, डॉ आरआर झा, डॉ अमित, डॉ शफीकुर रहमान शामिल रहे.